(4)

## कलेक्टर ने बैठक में दिए निर्देश

# खराब सड़क सुधारने के लिए इंतजार क्यों, काम शुरू करें

सिंघम रिपोर्टर ❑ रतलाम

आपका परफारमेंस तभी अच्छा माना जाएगा जब आप रोजगार मेलों के माध्यम से अधिकाधिक बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिला सकेंगे। यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने महाप्रबंधक उद्योग मुकेश शर्मा को समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। कलेक्टर ने श्री शर्मा को उद्योगपतियों से संपर्क करके उनकी व्यापक सहभागिता रोजगार मेलों में कराने के निर्देश दिए जिससे ज्यादा युवाओं को रोजगार मिले।

कलेक्टर द्वारा बैठक में विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई। बैठक में उपस्थित लगभग प्रत्येक अधिकारी से उसके विभाग द्वारा संचालित कार्यों की जानकारी प्राप्त की। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के श्री वर्मा को निर्देश दिए कि सिर्फ स्वीकृति जारी करने तक सीमित नहीं रहे, आगे मौका निरीक्षण तथा अन्य कार्यवाई भी देखें। आबकारी विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में किसी भी स्थिति में अवैध अथवा जहरीली शराब नहीं बिके। इसके लिए जिले में तैनात संबंधित निरीक्षकों की सीधी-सीधी जिम्मेदारी है। साथ ही जिला अधिकारी भी जिम्मेदार रहेंगे।



जावरा में पकड़ी गई शराब फैक्ट्री के लिए जो भी जिम्मेदार है उसके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

लोक निर्माण विभाग को शहर में उनकी खराब सड़कों की तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए गए। अमृत सागर तालाब वाले रोड की दुरुस्ती कार्य किए जाने की जानकारी लोक निर्माण विभाग द्वारा दी गई। कलेक्टर ने निगमायुक्त श्री सोमनाथ झारिया को निर्देशित किया कि खराब सड़कों की मरम्मत तत्काल की जाए, इसमें कोई इंतजार नहीं करें। निगमायुक्त को यह भी निर्देशित किया कि शहर में बड़ी संख्या में बगैर ठेले के स्वरोजगार करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स है उनको ठेलागाड़ी दिलवा दी जाए। ऐसे लगभग 4 से 5 हजार स्ट्रीट वेंडर होंगे जिनके पास ठेलागाड़ी नहीं है और वे किराए की ठेलागाड़ी से अपना काम धंधा करते हैं। कलेक्टर द्वारा मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना से प्रकरण बनाकर ठेला गाड़ी दिलवाने के निर्देश दिए गए।

निगम आयुक्त द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि के 400 प्रकरण बैंकों में प्रस्तुत है। कलेक्टर ने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को प्रकरणों में तत्काल स्वीकृति जारी करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त ने यह भी बताया कि स्ट्रीट वेंडर योजना में शहर के 27 ऐसे स्ट्रीट वेंडर के प्रकरण बैंकों में लगाए गए हैं जिनके द्वारा पूर्व में ली गई 10 हजार रूपए की राशि चुका दी गई है, अब उन्हें दुगनी राशि 20 हजार रूपए का लोन दिया जाना है। सीएम ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर योजना की समीक्षा में जिला समन्वयक श्री हिमांशु शुक्ला को निर्देशित किया कि फील्ड में जाकर योजना क्रियान्वयन का निरीक्षण करें।

कोरोना वैक्सी नेशन की समीक्षा में कॉलेज प्राचार्य श्री संजय वाते ने बताया कि रतलाम के आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज में 450, गर्ल्स कॉलेज में 242, जावरा कॉलेज में 490 तथा सैलाना कॉलेज में 50 स्टूडेंट का वैक्सीनेशन, कैंप में किया गया है। बताया गया कि शहर में प्राइवेट स्कूलों में भी स्टाफ का वैक्सीनेशन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की भी समीक्षा की गई। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, विद्युत वितरण कंपनी, शहरी विकास अभिकरण तथा स्वास्थ्य विभाग को परफारमेंस में सुधार के निर्देश दिए गए। उक्त विभागों को 80 से लेकर 90 अंक तक लाने के लिए निर्देशित किया गया।

सैलाना नगर पालिका अधिकारी के बैठक में देर से पहुंचने पर कलेक्टर ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए उनका एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए। मध्यप्रदेश रोड डेवलपमेंट कारपोरेशन की सड़क पर बरसात में गड्ढे पड़ जाने पर कलेक्टर द्वारा आरडीसी के अधिकारी के प्रति सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा गया कि वे स्वतः संज्ञान क्यों नहीं लेते हैं। सड़क खराबी संबंधी खबरें छपने का इंतजार क्यों करते हैं। कलेक्टर ने झाबुआ रोड पर लगाए गए टोल की लोकेशन चेंज करने के निर्देश भी दिए।

सिंघम टाईम्स 3/8/21

### 226 पथ विक्रेताओं के ब्याज मुक्त ऋण स्वीकृत कर वितरित किये

# पथ विक्रेता ब्याज मुक्त ऋण का उपयोग रोजगार बढ़ाने में करें : झारिया

सिंघम रिपोर्टर ❒ रतलाम



प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के तहत नगरीय क्षेत्र रतलाम के पात्र पथ विक्रेताओं को संकल्प से सिद्धी विशेष अभियान के तहत कार्यशील पूंजी हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किये जाने हेतु स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मुख्य शाखा व बैंक ऑफ बड़ौदा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने उपायुक्त विकास सोलंकी, जिला अग्रणी बैंक दिलीप सेठिया, स्टेट बैंक क्षेत्रिय प्रबंधकअरूण सिंह, स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक सुश्री दीपिका यादव, बैंक ऑफ बड़ौदा मुख्य प्रबंधक सुरेन्द्रसिंह लाथार ने ऋण प्रकरण स्वीकृत कर हितग्राहियों को वितरित किये।

स्टेट बैंक ऑफ इंडिया मुख्य शाखा व बैंक ऑफ बड़ौदा स्टेशन रोड पर आयोजित कार्यक्रम में निगम आयुक्त श्री झारिया ने पथ विक्रेताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के तहत आपको ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है इस पूंजी को आप अपने रोजगार को बढ़ाने में इस पूंजी का उपयोग कर स्वंय व अपने परिवार के जीवन स्तर में सुधार करें।

प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना के तहत स्टेट बैंक कलेक्टोरेट शाखा में 7, स्टेट बैंक हाथीखाना में 10, स्टेट बैंक औद्योगिक में 13, स्टेट बैंक कस्तुरबा नगर में 62, स्टेट बैंक मुख्य शाखा में 38, स्टेट बैंक तोपखाना में 34, बैंक ऑफ बड़ौदा स्टेशन रोड में 26, बैंक ऑफ बड़ौदा ई देना में 17, बैंक ऑफ बड़ौदा ई विजया में 11, बैंक ऑफ बड़ौदा चाँदनी चौक में 8 इस तरह कुल 226 प्रकरणों को स्वीकृत कर हितग्राहियों को वितरित किया गया।

इस अवसर पर स्टेट बैंक मुख्य प्रबंधक क्रेडिट जितेन्द्र कानून, स्टेट बैंक कस्तुरबा नगर रवि दीपान, स्टेट बैंक औद्योगिक इन्द्रजीत, स्टेट बैंक तोपखाना पवन, स्टेट बैंक कलेक्टोरेट योगेश मीणा, स्टेट बैंक हाथीखाना विरेन्द्र, ई विजया से श्रीवास्तव, ई देना से सौरभ, सिटी मैनेजर कपील मारोठिया, नितिन तिवारी, सामुदायिक संगठिका श्रीमती राजश्री गुमास्ते, श्रीमती सीमा सुरोलिया, श्रीमती रेखा राठौर, हेमा सिलावट, सुश्री निर्मला राय सहित पात्र पथ विक्रेता उपस्थित थे।

सिघंम टाईम्स दिनांक 4/8/2021

# पथ विक्रेता ब्याज मुक्त ऋण का उपयोग रोजगार बढ़ाने में करें

### 226 पथ विकेताओं के ब्याज मुक्त ऋण स्वीकृत कर वितरित किए



रतलाम। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत नगरीय क्षेत्र रतलाम के पात्र पथ विक्रेताओं को संकल्प से सिद्धी विशेष अभियान के तहत कार्यशील पूंजी हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किये जाने हेतु स्टेट बैंक ऑफइंडिया मुख्य शाखा व बैंक ऑफ बड़ौदा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने उपायुक्त विकास सोलंकी, जिला अग्रणी बैंक दिलीप सेठिया, स्टेट बैंक क्षेत्रिय प्रबंधक अरुण सिंह, स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक दीपिका यादव, बैंक ऑफ बड़ौदा मुख्य प्रबंधक सुरेन्दसिंह लाथार ने ऋण प्रकरण स्वीकृत कर हितग्राहियों को वितरित किये। स्टेट बैंक ऑफइंडिया मुख्य शाखा व बैंक ऑफ बड़ौदा स्टेशन रोड पर आयोजित कार्यक्रम में निगम आयुक्त झारिया ने पथ विक्रेताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत आपको ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। इस पूंजी को आप अपने रोजगार को बढ़ाने में इस पूंजी का उपयोग कर स्वंय व अपने परिवार के जीवन स्तर में सुधार करें।

प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत स्टेट बैंक कलेक्टोरेट शाखा में 7, स्टेट बैंक हाथीखाना में 10, स्टेट बैंक औद्योगिक में 13, स्टेट बैंक कस्तुरबा नगर में 62, स्टेट बैंक मुख्य शाखा में 38, स्टेट बैंक तोपखाना में 34, बैंक ऑफ बड़ौदा स्टेशन रोड में 26, बैंक ऑफ बड़ौदा ई देना में 17, बैंक ऑफ बड़ौदा ई विजया में 11, बैंक ऑफ बड़ौदा चांदनी चौक में 8 इस तरह कुल 226 प्रकरणों को स्वीकृत कर हितग्राहियों को वितरित किया गया।

इस अवसर पर स्टेट बैंक मुख्य प्रबंधक क्रेडिट जितेन्द्र कानून, स्टेट बैंक कस्तुरबा नगर रवि दीपान, स्टेट बैंक औद्योगिक इन्द्रजीत, स्टेट बैंक तोपखाना पवन, स्टेट बैंक कलेक्टोरेट योगेश मीणा, स्टेट बैंक हाथीखाना विरेन्द्र, ई विजया से श्रीवास्तव, ई देना से सौरभ, सिटी मैनेजर कपील मारोठिया, नितिन तिवारी, सामुदायिक संगठिका राजश्री गुमास्ते, सीमा सुरोलिया, रेखा राठौर, हेमा सिलावट, निर्मला राय सहित पात्र पथ विक्रेता उपस्थित थे।

लोकस्वामी 4/8/2021

5

**मैदान में उतरोगे तो सही काम होंगे... अब लापरवाही नहीं चलेगी... उद्योग, टीएनसी, आबकारी समेत तमाम विभागों को अपना काम बेहतर ढंग से करने के निर्देश मिले**

# कलेक्टर की क्लास में विभाग प्रमुखों को मिली नसीहत

रतलाम

**आपका परफारमेंस तभी अच्छा माना जाएगा, जब आप रोजगार मेलों के माध्यम से अधिकाधिक बेरोजगार युवाओं को रोजगार दिला सकेंगे। यह निर्देश कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने महाप्रबंधक उद्योग मुकेश शर्मा को समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक में दिए। कलेक्टर ने शर्मा को उद्योगपतियों से संपर्क करके उनकी व्यापक सहभागिता रोजगार मेलों में कराने के निर्देश दिए, जिससे ज्यादा युवाओं को रोजगार मिले।**

कलेक्टर द्वारा बैठक में विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई। बैठक में उपस्थित लगभग प्रत्येक अधिकारी से उसके विभाग द्वारा संचालित कार्यों की जानकारी प्राप्त की। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के श्री वर्मा को निर्देश दिए कि सिर्फ स्वीकृति जारी करने तक सीमित नहीं रहे, आगे मौका निरीक्षण तथा अन्य कार्रवाई भी देखें। आबकारी विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में किसी भी स्थिति में अवैध अथवा जहरीली शराब नहीं बिके। इसके लिए जिले में तैनात संबंधित निरीक्षकों की सीधी-सीधी जिम्मेदारी है। साथ ही जिला अधिकारी भी जिम्मेदार रहेंगे। जावरा में पकड़ी गई शराब फैक्ट्री के लिए जो भी जिम्मेदार है उसके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। अग्निबाण 3



## खराब सड़को को तुरंत सुधरवाओ खबरे छपने का इंतजार मत करो

- लोक निर्माण विभाग को शहर में उनकी खराब सड़कों की तत्काल मरम्मत के निर्देश दिए गए। अमृत सागर तालाब वाले रोड की दुरुस्ती कार्य किए जाने की जानकारी लोक निर्माण विभाग द्वारा दी गई। कलेक्टर ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को निर्देशित किया कि खराब सड़कों की मरम्मत तत्काल की जाए, इसमें कोई इंतजार नहीं करें। निगमायुक्त को यह भी निर्देशित किया कि शहर में बड़ी संख्या में बगैर ठेले के स्वरोजगार करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स है उनको ठेलागाड़ी दिलवा दी जाए। ऐसे लगभग 4 से 5 हजार स्ट्रीट वेंडर होंगे जिनके पास ठेलागाड़ी नहीं है और वे किराए की ठेलागाड़ी से अपना काम धंधा करते हैं। कलेक्टर द्वारा मुख्यमंत्री स्ट्रीट वेंडर योजना से प्रकरण बनाकर ठेला गाड़ी दिलवाने के निर्देश दिए गए।
- निगम आयुक्त द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री स्वनिधि के 400 प्रकरण बैंकों में प्रस्तुत है। कलेक्टर ने जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक को प्रकरणों में तत्काल स्वीकृति जारी करने के निर्देश दिए। निगमायुक्त ने यह भी बताया कि स्ट्रीट वेंडर योजना में शहर के 27 ऐसे स्ट्रीट वेंडर के प्रकरण बैंकों में लगाए गए हैं जिनके द्वारा पूर्व में ली गई 10 हजार रुपए की राशि चुका दी गई है, अब उन्हें दुगनी राशि 20 हजार रुपए का लोन दिया जाना है। सीएम ग्रामीण स्ट्रीट वेंडर योजना की समीक्षा में जिला समन्वयक हिमांशु शुक्ला को निर्देशित किया कि फील्ड में जाकर योजना क्रियान्वयन का निरीक्षण करें।
- कोरोना वैक्सी नेशन की समीक्षा में कॉलेज प्राचार्य संजय वाते ने बताया कि रतलाम के आर्ट्स एंड साइंस कॉलेज में 450, गर्ल्स कॉलेज में 242, जावरा कॉलेज में 490 तथा सैलाना कॉलेज में 50 स्टूडेंट का वैक्सीनेशन, कैंप में किया गया है। बताया गया कि शहर में प्राइवेट स्कूलों में भी स्टाफ का वैक्सीनेशन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की भी समीक्षा की गई।

अग्निबाण 3/8/21

(४)

# नगरीय विकास के कामों के लिए 29 फीसदी तक बढ़ीं दरें

## नौ साल बाद दरों में किया गया संशोधन



भोपाल, (प्रसं)। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा कराए जाने वाले विभिन्न कार्यों के लिए पुनरीक्षित एकीकृत मानक दर आईएसएसआर सोमवार से लागू हो गई है। इसी के साथ नगरीय विकास से जुड़े कामों के लिए दरों मे 29 फीसदी तक बढ़ोतरी का रास्ता साफ हो गया है।

पुनरीक्षित दरों की पुस्तिका का विमोचन नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह और राज्यमंत्री ओपीएस भदौरिया ने किया। इसके पूर्व इसका पुनरीक्षण मई 2012 में किया गया था। एकीकृत मानक दर अनुसूची एक जून 2011 को पहली बार लागू की गई थी। एकीकृत मानक पर अनुसूची चार भागों पेयजल, सीवरेज एवं ट्यूबवेल, भवन निर्माण, सड़क पुल एवं पुलिया और विद्युत कार्य में लागू की गई है। पेयजल और सीवरेज के कामों के लिए दरों मे सबसे अधिक बढ़ोतरी की गई है। इसके लिए 20 से 29 फीसदी तक दरों में बढ़ोतरी की गई है। इसी तरह भवन निर्माण के कार्यों के लिए दरों में 15 से 20 फीसदी तक बढ़ोतरी की गई है। सड़क, पुल और पुलिया से जुड़े कामों के लिए दरों में 15 से 29 फीसदी तक बढ़ोतसी की गई है। विद्युत कार्य से जुड़े कामों के लिए दरों को युक्तियुक्त करते हुए दरों में बड़ा बदलाव किया गया है। इस तरह के कामों के लिए दरों को 10 फीसदी तक कम करने के साथ ही कुछ कामों के लिए दरों में 05 फीसदी तक ही बढ़ोतरी की गई है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री ने कहा कि श्रम दर एवं सामग्री की दरों में वृद्धि और जीएसटी लागू होने के कारण आईएसएसआर में पुनरीक्षण जरूरी हो गया था। उन्होंने कहा कि दरें पुनरीक्षित होने से कार्यों की गुणवत्ता मेंटेन होगी। दरें व्यावहारिक होने से कार्य कराने में सहूलियत होगी। २१५

### नई दरें एक नजर में

| कार्य का नाम | बढ़ोतरी |
|---|---|
| पेयजल/सीवरेज | 20 से 29 फीसदी |
| भवन निर्माण | 15 से 20 फीसदी |
| सड़क/पुल/पुलिया | 15 से 29 फीसदी |

राज एक्सप्रेस ५/8/21

(9)

# पीडब्ल्यूडी विभाग करेगा एक करोड़ तक के निर्माण कार्य

रतलाम। एक करोड रुपए तक लागत के सभी शासकीय भवन लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाये जायेंगे। इस आशय के निर्देश सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी कर दिये गये हैं। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के तहत समस्त विभाग और उनके प्रशासकीय नियंत्रण में आने वाले विभागाध्यक्ष कार्यालय, संस्था, निगम और मंडल द्वारा सभी ऐसे निर्माण कार्य जिनकी लागत एक करोड से अधिक है, लोक निर्माण विभाग की परियोजना क्रियान्वयन इकाई (पीआईयू) से कराये जाने होंगे। इसके साथ ही यदि कोई विभाग अथवा उसके प्रशासकीय नियंत्रण की संस्था विशेष परिस्थितियों में लोक निर्माण विभाग के स्थान पर अन्य किसी निर्माण एजेंसी को एक करो? से अधिक लागत के भवन निर्माण का कार्य आवंटित करना चाहती है, तो संबंधित प्रशासकीय विभाग, लोक निर्माण विभाग के अभिमत सहित मुख्य सचिव के अनुमोदन उपरांत ही अग्रिम कार्यवाही कर सकेगी। यदि किसी विभाग अथवा उसके प्रशासकीय नियंत्रण की संस्था के पास स्वयं का पर्याप्त तकनीकि अमला हो तो वह उससे अपने विभाग के निर्माण कार्य किसी भी सीमा तक करा सकेंगे। २१७

राज एक्सप्रेस ५/८/२१

# एक करोड़ तक के निर्माण कार्य अब पीडब्ल्यूडी करेगा

रतलाम. एक करोड़ रुपए तक लागत के सभी शासकीय भवन लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाए जाएंगे। इस संबंध में नए निर्देश सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी कर दिए गए हैं। इसके साथ ही यदि कोई विभाग या उसके प्रशासकीय नियंत्रण की संस्था विशेष परिस्थितियों में लोक निर्माण विभाग के स्थान पर अन्य किसी निर्माण एजेंसी को एक करोड़ से अधिक लागत के भवन निर्माण का कार्य आवंटित करना चाहती है, तो संबंधित प्रशासकीय विभाग, लोक निर्माण विभाग के अभिमत सहित मुख्य सचिव के अनुमोदन के बाद ही अग्रिम कार्यवाही कर सकेगी। किसी विभाग या प्रशासकीय नियंत्रण संस्था के पास स्वयं का पर्याप्त तकनीकि अमला हो तो वह उससे अपने विभाग के निर्माण कार्य किसी भी सीमा तक करा सकेंगे।

पत्रिका ५/८/२१

7

## राज्य खाद्य आयोग सदस्य श्री खंडेलवाल का दौरा कार्यक्रम

रतलाम। मध्यप्रदेश राज्य खाद्य आयोग के सदस्य श्री किशोर खंडेलवाल 6 अगस्त को रतलाम जिले में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पूरक पोषण आहार, मध्यान्ह भोजन एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार श्री खंडेलवाल प्रात: 11:00 से 12:00 बजे तक जनप्रतिनिधियों से चर्चा करेंगे। दोपहर 12:00 बजे से 1:00 बजे तक हितग्राहियों से भेंट करेंगे। दोपहर 2 बजे से खाद्य विभाग, पंचायत ग्रामीण विकास विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग की विभागीय समीक्षा करेंगे। स्वतंत्र

स्वतंत्र चेतना 4/8/21

## खाद्य आयोग सदस्य खंडेलवाल आएंगे

रतलाम, नप्र। मध्यप्रदेश राज्य खाद्य आयोग सदस्य किशोर खंडेलवाल आगामी 6 अगस्त को रतलाम आएंगे। वे यहां पर जिले में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पूरक पोषण आहार, मध्यान्ह भोजन तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा करेंगे। जानकारी के मुताबिक खंडेलवाल रतलाम आकर जनप्रतिनिधियों से चर्चा करेंगे। वे यहां योजना के तहत पात्र लोगों से भी मुलाकात करेंगे। तय कार्यक्रम अनुसार खंडेलवाल दोपहर 2 बजे बैठक लेकर खाद्य विभाग, पंचायत ग्रामीण विकास विभाग तथा महिला बाल विकास विभाग की विभागीय समीक्षा करेंगे। प्र.की.-3

प्रभातकिरण 3/8/21

## राज्य खाद्य आयोग सदस्य का दौरा कार्यक्रम

रतलाम ● स्वदेश समाचार

मध्यप्रदेश राज्य खाद्य आयोग के सदस्य किशोर खंडेलवाल 6 अगस्त को जिले में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पूरक पोषण आहार, मध्यान्ह भोजन एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा करेंगे। निर्धारित कार्यक्रम अनुसार श्री खंडेलवाल प्रात: 11 से 12 बजे तक जनप्रतिनिधियों से चर्चा करेंगे। दोपहर 12 से 1 बजे तक हितग्राहियों से भेंट करेंगे। दोपहर 2 बजे से खाद्य विभाग, पंचायत ग्रामीण विकास विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग की विभागीय समीक्षा करेंगे। स्वदेश

स्वदेश 4/8/21

## राज्य खाद्य आयोग सदस्य खंडेलवाल 6 को करेंगे रतलाम का दौरा

रतलाम। मध्यप्रदेश राज्य खाद्य आयोग के सदस्य किशोर खंडेलवाल 6 अगस्त को रतलाम जिले में लक्षित सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पूरक पोषण आहार, मध्यान्ह भोजन एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा करेंगे। खंडेलवाल सुबह 11 से 12 बजे तक जनप्रतिनिधियों से चर्चा करेंगे। दोपहर 1 बजे तक हितग्राहियों से भेंट करेंगे। दोपहर 2 बजे से खाद्य विभाग, पंचायत ग्रामीण विकास विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग की विभागीय समीक्षा करेंगे। 215

राजएक्सप्रेस 4/8/21

(6)

# आज जिले के 45 केंद्रों पर होगा वैक्सीनेशन

रतलाम। बुधवार को जिले में रतलाम शहर के आइएमए हाल राजेंद्र नगर पर को-वैक्सीन का व न्यू कलेक्टोरेट केंद्र पर विदेश यात्रा करने वाले नागरिकों के लिए कोविशील्ड का दूसरा टीका लगाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डा. प्रभाकर ननावरे ने बताया कि शहर में ओझाखाली रंगरेज जमात खाना, कम्युनिटी हाल अलकापुरी तथा काश्यप सभागृह सागोद रोड पर कोविशील्ड का पहला डोज लगेगा।

**इन केंद्रों पर होगा वैक्सीनेशन**

**सैलाना क्षेत्र :** ग्राम पंचायत भवन सूंडी, सालरापाड़ा, आमलियापाड़ा, बड़ीखुर्द पर मिडिल स्कूल बंजला।

**रतलाम ग्रामीण :** ग्राम घटला, नौगांवा जागीर, कलमोड़ा, हरथली, धौंसवास।

**पिपलौदा :** उम्मेदपुरा, चिकलाना, पंचेवा, काबुलखेड़ी, माताजी बड़ायला।

**जावरा :** आंबेडकर भवन, ताल नाका पेट्रोल पंप, आयुर्वेदिक हास्पिटल, नगर पालिका टाउन हाल, बालक छात्रावास बड़ावदा, ग्राम पंचायत मीनाखेड़ा, ढोढर, रिंगनोद, लालियाना, निंबोदिया। नईदुनिया।

**बाजना :** गढ़ावदिया, मौलावा, जावड़, रतनगढ़ पीठ, छावनी झोडिया, खेरदा, पीपल पाड़ा, छावनी भाभर।

**आलोट :** आंबेडकर भवन आलोट, शासकीय हाईस्कूल विक्रमगढ़, आल ग्रेट पब्लिक स्कूल ताल, पीएचसी कानड़िया, गोपीनाथ मंदिर कम्युनिटी हाल ताल, ग्राम पंचायत चपलाखेड़ी, बामनखेड़ी।

नईदुनिया 5/8/21

# आज जिले के 45 केंद्रों पर किया जाएगा वैक्सीनेशन

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जिले में मंगलवार को 45 केंद्रों पर वैक्सीनेशन किया जाएगा। ओझा खली रंगरेज जमात खाना रतलाम, कम्युनिटी हॉल अलकापुरी व काश्यप सभागृह सागोद रोड में कोविशील्ड का पहला डोज लगेगा।

**जिले में यहां होगा वैक्सीनेशन -**

**सैलाना-** ग्राम पंचायत भवन सुंडी, मिडिल स्कूल बंजला, ग्राम पंचायत भवन सालरापाड़ा, ग्राम पंचायत आमलिया पड़ा, ग्राम पंचायत भवन

**ग्रामीण :** ग्राम घटला, नौगांवा जागीर, कलमोडा, हरथली, धौसवास।

**पिपलौदा :** उमेदपुरा, चिकलाना, पंचेवा, काबुल खेड़ी, माताजी बड़ायला।

**बाजना :** ग्राम पंचायत गढ़ावदिया, ग्राम पंचायत मौलावा, ग्राम पंचायत जावड़, रतनगढ़ पीठ, छावनी झोडिया, खेरदा, पीपल पाड़ा, छावनी भाभर।

**आलोट :** आंबेडकर भवन आलोट, शासकीय हाई स्कूल विक्रमगढ़ आलोट, ऑल ग्रेट पब्लिक स्कूल ताल, पीएचसी कानडिया।

दै. भास्कर 5/8/21

**खतरा कायम:** 44 जिलों में ज्यादा पॉजिटिविटी

# कोरोना की दूसरी लहर अभी खत्म नहीं हुई

नई दिल्ली @ पत्रिका. कोरोनावायरस को लेकर सरकार ने चेताया है कि अभी कोरोना की दूसरी लहर खत्म नहीं हुई है। 8 राज्यों में आर वैल्यू यानी संक्रमण की दर अब भी ज्यादा है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को बताया कि देश के 57 जिलों में रोज100 या ज्यादा केस आ रहे हैं। केरल के 10, महाराष्ट्र के 3, मणिपुर के 2, अरुणाचल, मेघालय और मिजोरम के 1-1 जिले शामिल हैं। देश में 44 जिले ऐसे हैं जहां 10 फीसदी से ज्यादा पॉजिटिविटी रेट है। ये 44 जिले केरल, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, सिक्किम, पुडुचेरी, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, असम और आंध्र प्रदेश के हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने तीसरी लहर पर कहा, मामले सीमित क्षेत्र से हैं।

**8 राज्यों में आर नंबर बढ़ रहे हैं केस :** हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लक्षद्वीप, तमिलनाडु, मिजोरम, कर्नाटक, पुडुचेरी और केरल शामिल हैं। नगालैंड, मेघालय, हरियाणा, गोवा, झारखंड, एनसीआर और पश्चिम बंगाल में आर वैल्यू स्थिर है। पत्रिका

पत्रिका 5/8/21

**टीकाकरण**

पत्रिका

# 45 केंद्रों पर होगा वैक्सीनेशन

रतलाम. जिले में बुधवार को 45 केंद्रों पर वैक्सीनेशन होगा। इसके चलते रतलाम शहर के आईएमए हॉल राजेंद्र नगर पर को वैक्सीन का केवल दूसरा डोज़ लगाया जाएगा। शहर में न्यू कलेक्टरेट केंद्र पर विदेश यात्रा करने वाले नागरिकों के लिए कोविशिल्ड का दूसरा टीका लगाया जाएगा। ओझा खली रंगरेज जमात खाना, कम्युनिटी हॉल अलकापुरी तथा काश्यप सभागृह सागोद रोड पर कोविशिल्ड के पहले डोज़ का वैक्सीनेशन किया जाएगा।

सभी केंद्रों पर ऑनस्पॉट सीधे अपना आईडी और मोबाइल के आधार पर वैक्सीनेशन किया जाएगा। सैलाना क्षेत्र में ग्राम पंचायत भवन सुंडी, मीडिल स्कूल बंजला, ग्राम पंचायत भवन सालरापाड़ा, ग्राम पंचायत आमलिया पड़ा, ग्राम पंचायत भवन बड़ी खुर्द पर कोविशिल्ड का वैक्सीनेशन किया जाएगा। ग्रामीण के ग्राम घटला, नौगांवा जागीर, कलमोडा, हरथली, धौसवास में कोविशिल्ड का वैक्सीनेशन किया जाएगा।

पत्रिका 5/8/21

(3)

# नगर निगम की मुसीबत बना ई-नगर पालिका सॉफ्टवेयर

## सॉफ्टवेयर में गड़बड़ियों के कारण एडवांस टैक्स देने वालों पर भी लगा दी पेनल्टी

भोपाल, अग्निबाण संवाददाता

स्थानीय निकायों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लागू किया गया ई-नगर पालिका सॉफ्टवेयर ही नगर निगम की मुसीबत बन गया है। टैक्स देने वाले करदाताओं को भी यह सॉफ्टवेयर डबल डिमांड निकाल रहा है। जिन्होंने एडवांस टैक्स जमा करा रखा है, उन पर भी पेनल्टी लगा दी है। एक महीने में 10 से ज्यादा तरह की गड़बड़ी सॉफ्टवेयर में आ चुकी है।

ई-नगर पालिका सॉफ्टवेयर की गड़बड़ियों की शिकायतें लगातार बढ़ रही हैं। इससे असिस्टेंट रेवेन्यू ऑफिसर भी परेशान हो चुके हैं। प्रदेशभर से सॉफ्टवेयर नियंत्रणकर्ता अधिकारी के पास शिकायतें पहुंच रही है , लेकिन समाधान नहीं निकला है। राजस्व विभाग के कर्मचारियों को कई बार ट्रेनिंग दी जा चुकी है, बावजूद स्टाफ मान रहा है कि इनका निराकरण सॉफ्टवेयर में सुधार के बाद ही होगा। करीब एक साल से यह सॉफ्टवेयर लागू हुआ है।

### खातों से जुड़ी कई तरह की गलती कर रहा सॉफ्टवेयर

संपत्तिकर खातों में डबल डिमांड पोस्ट होती है। ऐसे में जो टैक्स हजार रुपए लगना चाहिए, वह दो हजार रुपए दिख रहा है। उपभोक्ताओं को उसी गणना से संपत्तिकर के नोटिस भी भेजे जा रहे। ज्यादातर खातों में साल 2019-20 व 2020-21 की डिमांड ही नहीं दिखा रहा सॉफ्टवेयर। कई खातों में बिल्डिंग के फ्लोर ही हट गए हैं। इससे संपत्तिकर बाले-बाले कम हो गया है। संपत्तिकर खातों में साल 2019-20 व 2020-21 का सरचार्ज भी गलत दर्ज हो रहा है। संपत्तिकर खातों में नाम, पता, स्पैलिंग सुधार करने पर हिंदी और अंग्रेजी में पूरा फॉर्म भरना पड़ता है। इससे और ज्यादा समय लग रहा। संपत्तिकर खातों में नियमानुसार छूट कैटेगरी जैसे फीमेल ऑनर, सीनियर सिटीजन आदि बिल पर दिखाई नहीं देते। कुछ बिलों में 2020-21 में दी गई छूट अवधि में जमा राशि भी पेनल्टी लगाकर बता रहा है।

धारा 136 के तहत संपत्तिकर खातों में विधवा व पूर्व सैनिकों को छूट देते हैं तो दूसरे सभी टैक्स हट जाते हैं और दो ही टैक्स रसीद में दिखते हैं। संपत्तिकर वसूली के लिए बिल कलेक्टर को रसीद बुक 2020-21 में जारी की गई लेकिन वह रसीदें सिस्टम में 2021-22 की दिखाई दे रही हैं।

~~दैनिक~~ अग्निबाण 3

अग्निबाण / 3/8/21

(२)

## कलेक्टर के निर्देश, दुकानों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रिपोर्ट दें

रतलाम। अन्न उत्सव आयोजन सात अगस्त को होगा। आयोजन के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में समस्त तैयारियां पूर्ण की जा रही है। रतलाम शहर की सभी 63 दुकानों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जोनल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। एसडीएम अभिषेक गहलोत ने रतलाम शहर के 63 पीडीएस शॉप के लिए नियुक्त नोडल एवं जोनल अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि हितग्राहियों को सामग्री उपलब्ध कराने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। सभी उचित मूल्य दुकानों में समुचित साफ-सफाई के साथ उपभोक्ताओं की सुविधाओं हेतु दुकान पर आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। सभी दुकानों की सफाई के साथ रंगाई-पुताई का कार्य तथा खाद्यान्न को व्यवस्थित रखने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पांच अगस्त तक तैयारियां पूर्ण कर रिपोर्ट देना सुनिश्चित करें। नवभारत

नवभारत 4/8/21

## शहर की सभी 63 पीडीएस दुकानों को 5 अगस्त तक व्यवस्थित रखने के निर्देश

रतलाम ● अन्न उत्सव आयोजन सात अगस्त को होगा। शहर की सभी 63 दुकानों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। जोनल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं। एसडीएम ने रतलाम शहर के 63 पीडीएस शॉप के लिए नियुक्त नोडल एवं जोनल अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि हितग्राहियों को सामग्री उपलब्ध कराने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। सभी उचित मूल्य दुकानों में समुचित साफ-सफाई के साथ उपभोक्ताओं की सुविधाओं हेतु दुकान पर आवश्यक व्यवस्थाएं की जाएं। सभी दुकानों की सफाई के साथ रंगाई-पुताई का कार्य तथा खाद्यान्न को व्यवस्थित रखने की व्यवस्था भी सुनिश्चित करें। स्वदेश

स्वदेश 4/8/21

## अन्न उत्सव के पहले दुकानों का निरीक्षण कर मांगी रिपोर्ट

**रतलाम.** अन्न उत्सव को लेकर जिले में व्यवस्था को अभी से चाक चौबंद किया जा रहा है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में तैयारियां की जा रही है। रतलाम शहर की सभी 63 दुकानों की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। एसडीएम अभिषेक गहलोत ने रतलाम शहर के 63 पीडीएस शॉप के लिए नियुक्त नोडल एवं जोनल अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि हितग्राहियों को सामग्री उपलब्ध कराने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। 5 अगस्त तक सभी तैयारियां पूर्ण कर ओके रिपोर्ट कंट्रोल रूम पर देना सुनिश्चित करें। पत्रिका

पत्रिका 4/8/21

(1)

## 226 पथ विक्रेताओं के ब्याज मुक्त ऋण वितरित

**रतलाम।** प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत नगरीय क्षेत्र रतलाम के पात्र 226 पथ विक्रेताओं को संकल्प से सिद्धि विशेष अभियान के तहत कार्यशील पूंजी के लिए ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया गया। स्टेट बैंक आफ इंडिया मुख्य शाखा व बैंक आफ बड़ौदा में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, उपायुक्त विकास सोलंकी, जिला अग्रणी बैंक दिलीप सेठिया, स्टेट बैंक क्षेत्रीय प्रबंधक अरुण सिंह, स्टेट बैंक शाखा प्रबंधक दीपिका यादव, बैंक आफ बड़ौदा मुख्य प्रबंधक सुरेंद्रसिंह लाथार ने ऋण स्वीकृत कर वितरित किए।

नईदुनीया 5/8/21